# बड़े पर्दे पर कार्तिक आर्यन के साथ रोमांस करना चाहती हैं भूमिका गुरुंग

यूं तो उनका असली नाम भूमिका गुरुंग है लेकिन ज्यादातर लोग उन्हें निमकी मुखिया के ही नाम से ही जानते हैं। टीवी सीरियल निमकी मुखिया के जरिए भूमिका घर-घर तक पहुंचीं और फिर सबके दिलों में अपने लिए खास जगह बना ली। खासकर पूर्वांचल में तो इस धारावाहिक के जरिए निमकी टीवी की सबसे मशहूर कलाकार बनकर उभरीं। अब यह सीरियल बंद हो गया है। लेकिन भूमिका को इससे जो ऊंचाई मिली है, उसका फायदा मिलना तय है। तभी तो भूमिका अब बड़े पर्दे के सबसे चहेते ऐक्टर कार्तिक आर्यन के साथ रोमांस करना चाहती हैं। भूमिका ने कहा, निमकी मुखिया से निश्चित तौर पर मेरे करियर को एक नई ऊंचाई मिली है। यह एक ऐसा किरदार रहा, जिसके जरिए मैं गांव-गांव तक पहुंचीं और लोगों के मन में मुझे लेकर एक सम्मान का भाव मैंने देखा। लाखों फैंस बने और अब मेरी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। भूमिका कहती हैं, अभी तो कुछ खास नहीं। हां, टीवी या फिल्म से जहां से भी बेहतर ऑफर आएगा, उसे जरूर करूंगी। कुछ लोगों के साथ मीटिंग्स हुई हैं। लेकिन अभी यह बहुत शुरुआती दौर में है। बड़े पर्दे पर किसके साथ दिखना पसंद करेंगी? इस सवाल का जवाब देते हुए निमकी बहुत तेज हंसती हैं। अपने अंदाज में फिर जवाब देती हैं, देखिए वैसे तो आमिर खान मुझे सबसे अधिक पसंद हैं। उनकी लगभग सभी फिल्में देखी हैं मैंने। पर, आज अगर पर्दे पर आना हो तो कार्तिक आर्यन के साथ जाना चाहूंगी।

# अजय देवगन की रेड 2 पर चल रहा है काम

2019 में ऐसी चर्चा थी कि साल के आखिर तक अजय देवग रेड 2 की शूटिंग शुरू कर देंगे। 2018 में आई डायरेक्टर राज कुमार गुप्ता की रेड में अजय के अलावा इलियाना डिक्रूज और सौरभ शुक्ला जैसे ऐक्टर्स अहम किरदारों में नजर आए थे। फिलहाल, अजय दूसरे प्रॉजेक्ट्स के साथ बिजी हो गए हैं लेकिन जब इस बारे में प्रड्यूसर अभिषेक पाठक से पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम अभी फिल्म को डिवेलप कर रहे हैं। शुरुआत में जो चर्चा थी, वह सिर्फ अफवाह थी। यह पूछने कि क्या कास्ट पहले जैसी ही रहेगी, अभिषेक ने कहा, हां, फिल्म में कहानी को आगे बढ़ाया जाएगा तो कास्ट वही रहेगी। अभी फिल्ममेकर खुद हाफिज में बिजी हैं। खुदा हाफिज के बारे में बात करते हुए प्रड्यूसर ने पहले कहा था, यह एक रोमांटिक थ्रिलर है जो कि फ्रंट पेज पर पब्लिश एक न्यूज रिपोर्ट पर बेस्ड है। फिल्म के डायरेक्टर फारुख कबीर ने आर्टिकल पर रिसर्च किया और वह आइडिया लेकर आए। प्रड्यूसर के मुताबिक, यह हैदराबाद के कपल पर बेस्ड रियल लाइफ स्टोरी है। बता दें, फिल्म में विद्युत जामवाल लीड रोल में हैं जिसकी शूटिंग उज्बेकिस्तान में हुई है।

# ..इसलिए डॉली मेरे लिए खास हैः ऋचा

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा का कहना है कि उनकी पहली फिल्म ओए लकी! लकी ओए! में निभाए गए उनके किरदार की उनके दिल में एक खास जगह है। ऋचा ने बताया, फिल्म ओए लकी! लकी ओए! में मेरे किरदार के लिए दिल में एक खास जगह है। इस किरदार का नाम डॉली था। एक डांसर जो गोगी भाई के लिए कुछ और कामों में भी शामिल हो जाती है..और डॉली के किरदार में काम कर मुझे बहुत मजा आया, क्योंकि मैं उस स्थिति को समझती हूं जहां से वह आई रहती है। ऋचा की हालिया रिलीज फिल्म पंगा बॉक्स ऑफिस पर सफल रही। ऋचा बॉलीवुड में अब तक कई सफल फिल्मों में शामिल रह चुकी हैं, जिनमें उनके किरदारों को भी दर्शकों ने खूब सराहा। इनमें गैंग्स ऑफ वासेपुर से नगमा खातून, फुकरे में भोली पंजाबन और सेक्शन 375 : मर्जी या जबरदस्ती में हीरल मेहता सहित और भी कई हैं। ऋचा ने डॉली के किरदार के खास होने की वजह बताई। उन्होंने कहा, हर पहली चीज हमेशा खास होती है..इसलिए डॉली मेरे लिए खास है।


# अंग्रेजी मीडियम, गुंजन सक्सेना और रूह अफजा की रिलीज डेट बदली

इरफान खान की आने वाली फिल्म अंग्रेजी मीडियम का हाल ही में ट्रेलर लॉन्च किया गया था। ट्रेलर को दर्शकों का इतना प्यार मिला है कि अब निर्माताओं ने फिल्म को एक सप्ताह पहले रिलीज करने की तैयार कर ली है। इसके लिए करण जौहर अपनी फिल्म गुंजन सक्सेना की रिलीज डेट बदलने को तैयार हो गए हैं।

करण जौहर ने खुद ट्वीट कर इसके बारे में जानकारी दी है। करण जौहर के मुताबिक अंग्रेजी मीडियम जो पहले 24 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, अब 13 अप्रैल को पर्दे पर आएगी। वहीं, उनकी फिल्म गुंजन सक्सेना जो पहले 13 अप्रैल को आनी थी, अब वह रोमांटिक हॉरर फिल्म रूही अफजा की जगह 24 अप्रैल को रिलीज होगी। वहीं, रूही अफजा अब 5 जून को रिलीज होगी।

उन्होंने लिखा, इंडस्ट्री में दोस्ती दुर्लभ है। पर, जहां वह मौजूद है, वहां मजबूती से है। यही वजह है कि हमने और दिनेश विजान ने अपनी फिल्मों के डेट को बदलने का निर्णय लिया है। अब दिनेश की फिल्म अंग्रेजी मीडियम एक सप्ताह पहले 13 अप्रैल को रिलीज होगी। उधर, रूह अफजा के ऐक्टर राजकुमार राव ने जानकारी दी है कि उनकी फिल्म अब 5 जून को रिलीज होगी। करण ने कहा, मेरी फिल्म गुंजन सक्सेना अब रूह अफजा की जगह 24 अप्रैल को आएगी।

# एक्शन फिल्म में दिखेंगे कार्तिक आर्यन



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अभिनेता कार्तिक आर्यन फिल्मकार ओम राउत के निर्देशन में बनने वाली अगली थ्री डी एक्शन फिल्म में अभिनय करेंगे. कार्तिक कई हिट रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं और अपनी अगली फिल्म में एक्शन दृश्य करने को लेकर काफी उत्साहित हैं. फिल्म का निर्माण भूषण कुमार की टी-सीरीज करेगी. अभिनेता ने कहा कि कुछ समय से मैं विशुद्ध एक्शन फिल्म करना चाहता था और भूषण सर इस बारे में जानते थे. मैंने हाल में 'तान्हाजी' देखी... और मैं न सिर्फ इसके बेहतरीन दृश्यों बल्कि इसके संवाद का भी कायल हो गया.

फिल्म के निर्माताओं की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, फिल्म के नाम की अभी घोषणा नहीं हुई है और इसकी शूटिंग भारत एवं विदेशों में होगी. फिल्म के अन्य किरदारों पर भी फैसला होना बाकी है. भूषण ने कहा कि ओम ने जो पटकथा लिखी है इसमें कार्तिक पूरी तरह से सही बैठते हैं. उन्होंने कहा कि यह सिनेमा के प्रति ओम का नजरिया और जुनून है, जिसे मैंने 'तान्हाजी' में देखा... इसके कारण ही मैं उन्हें अगली फिल्म में लेना चाहता था. टी-सीरीज की इस तरह की यह पहली फिल्म होगी, जिसमें इतने जोरदार एक्शन दृश्य होंगे.

आपको बता दें कि तान्हाजी ने अब तक करीब 263 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. 10 जनवरी को रिलीज हुई इस फिल्म की रफ्तार करीब महीने भर बाद भी थमने का नाम नहीं ले रही है. कार्तिक आर्यन की बात करें तो पिछले साल वह लुका छिपी और पति पत्नी और वो जैसी फिल्मों में नजर आए थे. दोनों ही फिल्मे दर्शकों द्वारा पसंद की गई थी.

कार्तिक आर्यन इन दिनों इम्तियाज अली निर्देशित फिल्म लव आज कल के प्रमोशन में व्यस्त हैं. फिल्म में सारा अली खान भी मुख्य किरदार में हैं. यह फिल्म 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुई. इसके अलावा कार्तिक के खाते में भूल भुलैया 2 में भी नजर आने वाले हैं.

# सुष्मिता एक नए शो संग पर्दे पर करेंगी वापसी



बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन जल्द ही पर्दे पर वापसी करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। पूर्व मिस यूनिवर्स को फिल्मों में काम किए काफी लंबा वक्त हो गया है और अब वह जल्द ही नए शो आर्या में नजर आने वाली हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह शो 29 मार्च को लॉन्च किया जाएगा।

वेबसाइट ने आगे बताया कि राम माधवनी द्वारा निर्देशित इस शो को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। पिछले साल दिसंबर के महीने से इसकी शूटिंग शुरू कर दी गई है। इसकी कहानी राजस्थान की पृष्ठभूमि पर आधारित है जिसमें सुष्मिता मुख्य किरदार में हैं।

बीते दिसंबर को अभिनेत्री ने लिखा था, पर्दे पर मेरी वापसी के लिए उन्होंने दस साल तक मेरा इंतजार किया, इस दौरान उन्होंने बेहद ही प्यार से मुझे प्रोत्साहन दिया..निःस्वार्थ भाव से! बस आप ही के लिए मैं लौट रही हूं। बॉलीवुड में सुष्मिता आखिरी बार अनीस बज्मी की मल्टीस्टारर फिल्म नो प्रॉब्लम में नजर आई थीं जिसमें अनिल कपूर, संजय दत्त, अक्षय खन्ना और कंगना रनौत जैसे सितारें थे। साल 2015 में सुष्मिता, बंगाली फिल्मकार श्रीजीत मुखर्जी की फिल्म निर्बाक में नजर आई थीं।

# सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं मान्यता



संजय दत्त की वाइफ मान्यता दत्त भले ही आपको फिल्मों में नजर आएं लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं। उनका इंस्टाग्राम अकाउंट इस बात का सबूत दे रहा है। इसके अलावा आप उनकी तस्वीरों को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि वह यहां काफी ऐक्टिव हैं। उन्होंने यह तस्वीर एक दिन पहले ही शेयर की है। मान्यता दत्त ने हाल ही में कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं।

इन तस्वीरों को देखकर आप उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह सकते। गजब की खूबसूरत मान्यता दत्त को देखकर आपको लगेगा नहीं कि वह 41 साल की हैं। इस तस्वीर को ही देख लीजिए वह स्विमिंग पूल में इंजॉय करते हुए कितनी कमाल की लग रही हैं। बताते चलें कि मान्यता दत्त ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें से कुछ तस्वीरें उनके मालदीव वकेशन की हैं। उनकी तस्वीरों पर उनके फैंस ने कामेंट्स की बौछार कर दी। इंस्टाग्राम पर उनके 2 मिलियन फॉलोवर हैं। मान्यता दत्त ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अलग-अलग पोज में अपनी पिक्चर्स शेयर की है। मान्यता दत्त अक्सर विदेश जाती रहती हैं और फोटोज शेयर करती रहती हैं। ये फोटोज इंटरनेट पर वायरल हो जाती हैं। बता दें कि मान्यता दत्त और संजय दत्त ने फरवरी 2008 में शादी की थी। 2010 में मान्यता दत्त ने जुड़वा बच्चों इकरा और शहरान को जन्म दिया था।